**संचिका सं० – 12/चक0 बैठक 8–01/2015...898.../चक0**

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(चकबंदी निदेशालय)**

प्रेषक,

अनुदेशक–सह–स्थापना प्रभारी पदाधिकारी,
चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना।

सेवा में,

उप निदेशक, चकबंदी, भोजपुर/रोहतास/सिवान।
सभी चकबंदी पदाधिकारी, (सक्रिय अंचल)।
चकबंदी पदाधिकारी, हिलसा, (नालन्दा)।

पटना, दिनांक 08/09/2023

विषय :– समीक्षात्मक बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि चकबंदी निदेशालय स्तर पर क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ दिनांक 12.09.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना के सभागार कक्ष में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया है।

समीक्षात्मक बैठक के लिए संबंधित कार्यावली बिन्दु निम्नवत् है:–

1) MIS से संबंधित प्रतिवेदन।
2) अभिलेखों के रख–रखाव की स्थिति।
3) एन0एच0 निर्माण से संबंधित राजस्व ग्रामों के मानचित्रों की अद्यतन स्थिति।
4) NOT FOR SALE मानचित्रों के मुद्रण की स्थिति।
5) वैसे राजस्व ग्राम की सूची जिसमें रैयत वास्तविक रूप से दखलकार है, एवं उस राजस्व ग्राम को चकबंदी अधिनियम की धारा 26(क) के अंतर्गत अनाधिसूचित किया जा सकता है।
6) Scanning & Digitization की अद्यतन स्थिति।

अतएव समीक्षात्मक बैठक से संबंधित उपरोक्त कार्यावली बिन्दुओं के आलोक में अद्यतन प्रतिवेदन के साथ दिनांक 12.09.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना के सभागार कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन
8/9/23
अनुदेशक–सह–स्थापना प्रभारी पदाधिकारी
चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक ...898.../चक0, पटना, दिनांक 08/09/2023**

**प्रतिलिपि** :– सभी पदाधिकारी/सभी स्थापना सहायक/लिपिक/लेखा शाखा/बजट शाखा/चकबंदी निदेशालय/चकबंदी प्रशिक्षण संस्थान, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/9/23
अनुदेशक–सह–स्थापना प्रभारी पदाधिकारी
चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना।